तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 4 सितंबर 2025

14 गणेश प्रतिमा विसर्जन और मिलादुन्नबी मनाने के ...



14 नीति आयोग के राज्य नोडल अधिकारी ने क्षेत्र ...





B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

# राहुल और तेजस्वी हैं निराश और हताश, उनको इलाज की जरूरत : विक्रम

## प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता से बौखलाकर विपक्ष की ओछी हरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ भाजपा विधायक विक्रम उसेंडी ने कांग्रेस और राजद नेता के बयान को भारतीय संस्कृति और नैतिकता के खिलाफ बताते हुए तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव दोनों को निराश और हताश नेता करार दिया और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता से बौखलाकर विपक्ष निजी जीवन और पारिवारिक संबंधों पर सवाल उठाने की ओछी राजनीति कर रहा है। मुझे तो ऐसा लगता है कि इनको अभी अच्छे मनोवैज्ञानिक से ईलाज कराने की जरूरत है। छत्तीसगढ़ भाजपा विधायक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ विधायक विक्रम उसेंडी ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि भारत में माँ को देवी का दर्जा दिया जाता है। राजनीति में विरोध हो सकता है, लेकिन किसी की माँ पर टिप्पणी करना मर्यादा का उल्लंघन है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को देश की संस्कृति का सम्मान करना चाहिए। भारत की परंपरा में माँ का सम्मान सर्वोपरि माना जाता है। राजनीतिक विरोध के बावजूद किसी की माँ पर टिप्पणी करना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को अब जनता का भरोसा नहीं मिल रहा। मोदी सरकार की लोकप्रियता और विकास कार्यों से वे परेशान हैं। इसी कारण वे व्यक्तिगत स्तर पर आकर मर्यादा तोड़ रहे हैं। विधायक श्री उसेंडी ने विश्वास जताया कि बिहार और देश की जनता इस प्रकार की ओछी राजनीति का करारा जवाब चुनाव में देगी।

### विपक्ष मुद्दों पर चर्चा करने के बजाय व्यक्तिगत हमले कर रहा

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने अपनी माँ के संस्कारों से प्रेरित होकर गरीबों, किसानों और वंचितों के लिए ऐतिहासिक काम किए हैं। ऐसे में उनकी माँ पर सवाल उठाना, दरअसल गरीबों और मातृत्व का अपमान है। विपक्ष मुद्दों पर चर्चा करने के बजाय व्यक्तिगत हमले कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की माँ एक साधारण गृहिणी थीं, जिन्होंने सरल जीवन जीते हुए अपने बेटे को देश की सेवा के लिए प्रेरित किया।



### दोनों नेताओं को माँग लेना चाहिए माफी

छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि यह न केवल प्रधानमंत्री का, बल्कि देश की हर माँ का अपमान है। उनका कहना है कि राहुल और तेजस्वी जैसे नेता जनता का विश्वास खो चुके हैं और बौखलाहट में व्यक्तिगत स्तर तक गिर गए हैं। दोनो नेताओं के पास अभी भी मौका है कि सार्वजिक मंच से माफी माँग लें, अन्यथा इसका हश्र दोनो नेताओं को बहुत मंहगा पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### ग्राम अंडी में ट्रैक्टर से बैटरी की चोरी



**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत ग्राम अण्डी के किसान के ट्रैक्टर में लगे बैटरी को अज्ञात ने चोरी हो गई। कोरर थाना में शिकायत दर्ज कराते हुए अण्डी निवासी चैतराम सलाम पिता स्व. बलीराम सलाम निवासी ने पुलिस को बताया कि 30 अगस्त को अज्ञात व्यक्ति ने ट्रैक्टर में लगी बैटरी को चोरी कर लिया। चोरी हुए बैटरी की कीमत लगभग 15 हजार रूपएं है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### साले की डंडे से पिटाई डेढ़साले पर मामला दर्ज



**कांकेर।** लोहत्तर थाना में शिकायत करने पहुंचे 35 वर्षीय राधेश्याम आंचला पिता स्व. मानिक राय आंचला ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं और 1 सितंबर को शाम 7 बजे मैं अपने घर के पास बैठा था, तभी वहां पर मेरा डेढ़साला आया और बेवजह मुझे गाली देने गला। जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्के एवं डंडा से मारपीट किया, जिससे मुझे सिर, पीठ एवं दोनो होठ में चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रामनाथ उइके के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### डूबने से ग्रामीण की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चौकी कच्चे अंतर्गत ईरागांव निवासी 54 वर्षीय ज्योतिष राम कोरेटी का डूबने के कारण मौत हो गया। सरईडोंगरीपारा ईरागांव निवासी 28 वर्षीय मूलचंद कोरेटी ने पुलिस को बताया कि मृतक तालाब की ओर गया हुआ था। ईरागांव के तालाब में 1 से 2 सितंबर की बीच डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए तालाब में डूबने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। सरोना तहसील के ग्राम अभनपुर निवासी 50 वर्षीय बिसमोबाई नेताम की तालाब में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित माखनलाल नेताम के लिए चार लाख रुपए की सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

### चिहरो में कबड्डी एवं बालीबॉल 4 से

**दुर्गूकोंदल।** नई उड़ान युवा क्लब हल्बापारा चिहरो में दो दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी एवं वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य मे 4 सितंबर से किया जा रहा है। समिति अध्यक्ष मिथलेश चुरेंद्र ने राज्य के इच्छुक प्रतियोगी खिलाड़ियो को अधिक संख्या में भाग लेने आमंत्रित किया है।

## कार्रवाई : शिकायत मिलने पर किसानों के समक्ष की गई कार्रवाई

# महंगे दामों पर खाद की बिक्री, दोषी संचालक की दुकान व गोदाम सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भानबेड़ा के किसानों की शिकायत पर अधिक दाम में खाद बेच रहे दुकानदार की दुकान को सील करने पहुँचे अधिकारियों को दुकानदार नहीं मिला, परंतु किसानों की उपस्थिति में अधिकारियों ने दुकान को सील कर दिया। दुकानदार को नोटिस दिया जाएगा और जवाब मिलने के उपरांत नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार यूरिया का संकट गहराया हुआ है। प्राइवेट दुकानदार यूरिया की ब्रिकी को करते समय पॉश मशीन में चढ़ाना है, परंतु दुकानदार ऐसा न करते हुए मौके का लाभ उठाकर अधिक दाम पर यूरिया बेचते रहते है। भानबेड़ा क्षेत्र के किसानों ने कृषि विभाग को शिकायत किया था कि मेसर्स पटेल कृषि केंद्र संचालक द्वारा बिना पॉस मशीन से खाद की विक्री करता है और 266 रूपएं की जगह 1000 रूपएं वसूलता है। किसान सत्यवान भुआर्य ने बताया कि खाद की कमी के चलते उन्हें दुकान संचालक से एक बोरी खाद 1000 रुपये में खरीदनी पड़ी, जबकि सरकार द्वारा निर्धारित दर मात्र 266 रुपए है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि संचालक अक्सर रात में बाहरी किसानों को ▶▶| शेष पेज 12 पर

### खास बातें

- किसानों ने कृषि विभाग से की शिकायत, विभाग ने दिखाई गंभीरता
- दुकानदार मौके का लाभ उठाकर 266 की बोरी को चार गुना से ज्यादा रेट पर बेच रहा था



### यूरिया की हो रही दिक्कत, किसान ठगे जा रहे

किसानों ने बताया कि यूरिया लैंपस के माध्यम से जितना मिलना चाहिए, उतना नहीं मिल पाने के कारण हम लोगों को प्राइवेट दुकान से खरीदना पड़ता है। लैंपस में तीन साल से यूरिया का संकट गहराया हुआ है, उसका विकल्प नैनो दिया गया है, परंतु वह उतना असरदार नहीं है, जिससे उसकी खरीदी किसान नहीं करते है। प्राइवेट दुकानदार रात को बिना पॉश मशीन में दर्ज कर 266 की मिलने वाली बोरी को 1000 रूपएं में बेचा जा रहा है। दुकानदार किसानों की मजबूरी का ऐसा फायदा उठा रहा है कि चार गुना रेट पर बेचकर किसानों को ठगा जा रहा है।

### पाँश मशीन में दर्ज करने के बाद बेचने का प्रावधान

कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिले में कृषि से संबंधित सभी दुकानदारों को खाद बेचने का रिकार्ड पाँश मशीन में दर्ज किया जाना है। पाँश मशीन में बिना दर्ज करके खाद बेचना कानून गलत है। ऐसे दुकानदारों की दुकानों को सील किया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराया जाएगा।

### शिकायत सही मिली इसलिए किया सील

खाद्य निरीक्षक अनिमेष नागेश ने कहा कि किसानों के द्वारा जो शिकायत किया गया था, मौके पर पहुँचकर जाँच किया गया। जाँच में दुकानदार की लापरवाही सामने आई है, इसी कारण से दुकान और गोदाम को सील कर दिया गया है। इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दिया गया है। उच्च अधिकारी के निर्देश पर आगे की कार्यवाही किया जाएगा।

## शिकायत मिलने पर दो अज्ञात वाहन चालकों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर थाना पुलिस ने सड़क दुर्घटना में मौत होने के दो अलग अलग प्रकरण में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना उपरांत अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। भानुप्रतापपुर थानांतर्गत कोटपारा मेन रोड में बुजुर्ग सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवचेना में लिया।




विवेचना में पाया गया कि मृतक बोगर निवासी 75 वर्षीय रामसिंग सलाम पिता सुजान सिंग 21 जून को रात साढ़े 7 बजें घुमने के लिए निकला था7 जो रास्ता भुल जाने से कोटपारा मेन रोड की ओर निकल गया था। अज्ञात वाहन के चालक के द्वारा वाहन को तेजगति एवं लापरवाहीपूर्वक उतावलेपन से चलाते हुए ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से रामसिंग को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भानुप्रतापपुर में भर्ती किया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गया। आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। दूसरे प्रकरण में मृतिका नारायणपुर निवासी 30 वर्षीय लक्ष्मी यादव पिता दयाराम यादव 19 अगस्त को रात 10 बजें गौतम अस्पताल से अपने घर जाने के लिए निकली थी। जो झारखण्ड गैरेज के पास किसी अज्ञात वाहन के चालक द्वारा वाहन को तेजगति एवं लापरवाहीपूर्वक उतावलेपन से चलाते हुए ठोकर मार कर एक्सीडेंट करने से मौके पर ही मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## झूठे आरोपों में फंसाने व चरित्रहनन संबंधी शिकायतों पर कठोर कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया को झूठे आरोपों में फँसाने एवं सोशल मीडिया पर चरित्र हनन किए जाने पर भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा कांकेर पुलिस को ज्ञापन सौंपा है। प्रदेश अध्यक्ष पर दोषी व्यक्तियों के द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपमानजनक टिप्पणियों की पोस्ट किया जा रहा है, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को गहरी ठेस पहुँची है। भाजपा युवा मोर्चा ने दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग किया है।

युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष घनेन्द्र ठाकुर ने ज्ञापन सौंपने के दौरान कहा कि कुछ व्यक्ति राजनीतिक विरोधी, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया को जानबूझकर झूठे एवं असत्य आरोपों में फँसाने का षड्यंत्र रच रहे हैं। इन व्यक्तियों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, ट्विटर आदि पर भाजयुमों ▶▶| शेष पेज 12 पर

## मरदापोटी में अज्ञात कारणों से महिला की मौत से फैली सनसनी, पुलिस जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

मरदापोटी में एक महिला की अज्ञात कारणों से मौत हो जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस को जानकारी दिया गया है, वहीं पुलिस मृतक महिला की मौत की गुत्थी को सुलझाने में लगी हुई है। मरदापोटी निवासी 40 वर्षीय दिनेश सलाम पिता जय सिग सलाम ने पुलिस को बताया कि 1 सितंबर को शाम 7 बजें सरपंच राजेश भास्कर ने फोन कर बताया कि तुम्हारी चाची द्रोपति सलाम घर मे मृत पड़ी है। इसकी जानकारी मिलते ही चाची द्रोपति सलाम के घर गया, वहां पर गांव के सरपंच, कोटवार, अनिल सलाम, अन्नू सलाम, आसो कुमेटी, यशोदा भास्कर एंव गांव के अन्य ग्रामीण लोग उपस्थित थे। मैने



चाचा के लड़के अन्नू सलाम से पूछा कि क्या हुआ है, उसने बताया कि जब मै आपके घर नया खाने के लिए घर से निकलने वाला था, तब मां को साथ चलने के लिए बोला, उसने जाने से मना कर दिया। इसी बात पर विवाद हुआ और मां से मारपीट कर पत्नी और बच्चे के साथ तुम्हारे घर नया खाने चला गया। घर में बड़ा भाई अनिल सलाम मां के साथ था। मै जब शाम को घर आया तो देखा कि ▶▶| शेष पेज 12 पर

## अनियंत्रित बाइक वन विभाग की दीवार से टकराई, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बीती रात को तेजगति से जा रही बाईक वन विभाग की दीवार से टकरा गई, जिसमें बाईक चालक युवक को गंभीर चोट आई। कांकेर मेडिकल कॉलेज में प्राथमिक ईलाज के उपरांत हायर सेंटर रिफर किया गया, हायर सेंटर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। पुलिस के पास मेमो आया है, पुलिस विस्तृत जानकारी जुटा रही है। जानकारी के अनुसार सीजी 19 बीपी 3319 में युवक प्रियांश दुर्गासी बीती रात को लगभग डेढ़ बजे के आसपास मोटर सायकल से मुख्य मार्ग से संजय नगर की ओर बहुत तेज गति से जा रहा था। बाईक के तेजगति होने से



चालक नियंत्रण खो बैठा और बाईक वनमंडलाधिकारी की दीवार से टकरा गया। बाईक इतनी तेज थी कि दीवार का प्लास्टर उखड़ गया। रात को ही उसे मेडिकल कॉलेज के अस्पताल ईलाज के लिए ले जाया गया और उसे रिफर कर दिया गया। हायर सेंटर ले जाते समय उसकी मौत हो गई। मौत कहाँ पर हुई, यह तो जानकारी अभी तक पुलिस के पास नहीं है। उसके दोस्तों ने सोशल मीडिया पर आरआईपी मिस यू लिखकर वायरल किया, उससे यहीं लग रहा है कि उसकी मौत हो चुकी है। उसके दोस्तों ने बताया कि चारामा का निवासी है, उसके पिता शिक्षक और माँ नर्स है। कांकेर में संजय नगर में उसके मामा रहते है, दो तीन दिनों से कांकेर आया हुआ था। कुछ ▶▶| शेष पेज 12 पर

## सीसीएफ के निर्देश पर वृत्तस्तरीय उड़नदस्ता तस्करों पर कस रही नकेल

# वन विभाग की कार्रवाई से सगौन तस्करों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

वनवृत्त सीसीएफ दिलराज प्रभाकर के मार्गदर्शन पर वृत्तस्तरीय उड़नदस्ता लगातार तस्करों पर नकेल कसने में लगे है और दो दिनों में तीन जगहों पर छापा मारकर लाखों के सागौन के चिरान को जप्त करने में सफलता मिली है। वृत्तस्तरीय उड़नदस्ता उनके नेटवर्क को खंगाल रही है कि वन तस्करों का संपर्क किस तरह के माफियाओं से जुड़ा हुआ है।

वृत्तस्तरीय उड़नदस्ता ने कोयलीबेड़ा के मुरनार के जंगल से सागौन की तस्करी करने वाले को दो दिन पहले दबोचा, वहीं एक दिन पहले चारामा से भी अवैध सागौन को जप्त किया। मुखबिर की सूचना पर वृत्तस्तरीय उड़नदस्ता टीम को जानकारी मिली कि केशकाल वनमंडल के ग्राम चुरेगांव में एक घर में अवैध ढंग से फर्नीचर बनाने का काम चलता है। मुखबिर की जानकारी की तस्दीक करवाने के उपरांत वृत्तस्तरीय उड़नदस्ता दल ने बताए गए स्थल पर 3 सितंबर को दोपहर 1 बजे छापा मारा। दल के पहुँचने के पहले बढ़ई नौ दो ग्यारह हो गया, परंतु जिस घर में यह काम चल रहा था, उसे दबोच लिया गया। दल को उस घर से एक लाख कीमत का 0.917 घनमीटर सागौन के चिरान मिला है, उसके अलावा फर्नीचर बनाने वाले सामग्री को भी जप्त किया है। उड़नदस्ता दल ने घर मालिक चुरेगांव निवासी राम पोटाई पिता सोनूराम पोटाई को हिरासत में लिया और फर्नीचर बनाकर किस के पास बेचा है, उसकी पूछताछ जारी है। घर मालिक से वृत्तस्तरीय उड़नदस्ता यह भी पता लगाने में जुटा है कि सागौन की लकड़ी की सप्लाई किस माध्यम से उस तक पहुँचती थी। वृत्तस्तरीय उड़नदस्ता इस नेटवर्क की पतासाजी कर रहा है, इसके अलावा तीन दिन पहले मूरनार से तस्करी करने वाले डोमेंद्र पुरी गोस्वामी से भी पूछताछ कर रही है और कई नामी चेहरों के नाम सामने आ सकते है।





केशकाल वनमंडल में एक लाख की सागौन चिरान जब्त, बढ़ई की तलाश जारी

### आरोपी से नेटवर्क की पतासाजी जारी

वृत्तस्तरीय उड़नदस्ता दल के प्रभारी धनलाल साहू ने बताया कि केशकाल वनमंडल के ग्राम चुरेगांव में एक घर में फर्नीचर बनाया जा रहा था। घर मालिक और एक लाख की कीमत की 0.817 घनमीटर सागौन के चिरान और फर्नीचर बनाने वाले सामान को जप्त किया गया है। उसके नेटवर्क को लेकर पूछताछ जारी है।

## छेडछाड़ कर जान से मारने की धमकी दी, युवक जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना कांकेर अंतर्गत घर में छात्रा का घर में अकेला देखकर दीवाल कूदकर घर के अंदर घुसकर नाबालिक के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को शिकायत पर पुलिस ने धरदबोचा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। थाना कांकेर में शिकायत करने पीड़िता के परिजन ने पुलिस को बताया कि 2 सितंबर को मै और मेरे पति काम करने गए थे। हमारे दो बच्चे स्कूल गए थे। मेरी सबसे बड़ी वाली बेटी घर पर अकेली थी। वह मेरे पास आकर बताई की आरोपी कालिया साहू सुबह 11 बजे पीछे से दीवाल कूदकर घर के अंदर घुसकर मुझे अकेला देखकर गलत नियत से मेरा हाथ बांह को पकड़ कर छेडछाड़ कर रहा था और बोल रहा था कि इसके बारे में किसी को बताई तो तुझे जान से मार दूंगा। धमकी देते हुए गाली दिया और वहां से भाग गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के बेवरती निवासी 38 वर्षीय कालेश्वर साहू उर्फ कालिया पिता मधुकर साहू के खिलाफ अपराध क्रमांक 319/2025 धारा 74, 296, 351 (3), 331 (3) बीएनएस, 8 पक्सो एक्ट ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### आवास चौपाल में तैयार की जा रही कार्य योजना

**दुर्गुकोंदल।** प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आवास चौपाल में प्रत्येक ग्राम पंचायत में योजना अंतर्गत नियुक्त नोडल अधिकारी जन प्रतिनिधि सचिव रोजगार सहायक आवास मित्र आवास टोली के माध्यम से प्रत्येक आवास इब्राहियों का उनके कारण करते हुए आवास निर्माण की भौतिक स्थिति सामग्री की उपलब्धता राजमिस्त्री की उपलब्धता, सेंटरिंग प्लेट की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए आवास निर्माण कार्यों के निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कार्य योजना तैयार किया जा रहा है।

### स्कूली बच्चों को बांटे गए यूनिफॉर्म एवं पाठ्य पुस्तक



**दंतेवाड़ा ।** गीदम विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत फुंडरी के बाढ़ राहत शिविर देवगुड़ी में बच्चों को गणवेश पुस्तक और कॉपी आज वितरित किया गया। इसके अलावा विकासखंड शिक्षा कार्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं लाइवलीहुड कॉलेज के माध्यम से बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत सामग्री पैकेज करते हुए सहयोग प्रदान किया गया।

### नियमित विद्यार्थियों का नामांकन 12 तक

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययनशालाओं एवं कॉलेजों में प्रवेशित स्नातक,स्नातकोत्तर एवं डिप्लोपा पाठ्यक्रमों के नियमित विद्यार्थियों का ऑनलाईन नामांकन अब 12 सितंबर तक होगा। नामांकन ऑनलाईन प्रिंट एवं आवश्यक डॉक्यूमेंट विद्यार्थी संबंधित संस्थान में 13 सितंबर तक जमा कर सकेंगे। प्रवेश ले चुके जो विद्यार्थी किसी कारणवश नामांकन ऑनलाईन नहीं कर पाए हैं या जिनका अभी एडमिशन होना है वे निर्धारित तारीख में नामांकन करा लें। ज्ञात हो कि बस्तर संभाग के कॉलेजों और धरमपुरा स्थित विवि के मुख्य कैंपस के विभिन्न अध्ययनशालाओं में रिक्त सीटों को देखते हुए नियमित प्रवेश की तिथि पांच सितंबर तक बढ़ाई गई है।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला 9 व 10 अक्टूबर को

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार आगामी 9 एवं 10 अक्टूबर को राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले के लिए नियोक्ताओं का पंजीयन एवं अभ्यर्थियों के आवेदन की प्रक्रिया ई-रोजगार पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि पोर्टल पर राज्य स्तरीय मेला लिंक में उपलब्ध रिक्तियों की जानकारी दी गई है, वहीं रिक्तियों की संख्या में आगे और वृद्धि होने की संभावना भी जताई गई है। जिलेवार आवेदनकर्ताओं की सूची भी पोर्टल पर उपलब्ध है, जिसे जिला लॉगिन डैशबोर्ड में देखा जा सकता है। शासन की ओर से रोजगार मेले में शामिल होने वाले नियोक्ताओं एवं अभ्यर्थियों के लिए अलग-अलग लिंक भी जारी किए गए हैं, जिसकी विस्तृत जानकारी जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा, पिछले दो से पाँच वर्षों में आई.टी.आई. और पॉलिटेक्निक कॉलेज से पास आउट हुए अभ्यर्थी भी इस राज्य स्तरीय रोजगार मेले में आवेदन कर सकते हैं।

अभियान : समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं पहुंचाने है लक्ष्य : कलेक्टर

# आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन हस्तशिल्प कला बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए जिला पंचायत की अध्यक्ष ने कहा कि हमारा जिला विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में अग्रणी है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास सहित सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिले में बेहतर क्रियान्वयन के लिए कार्य किए जा रहे हैं। आदि कर्मयोगी अभियान में भी हमारा जिला अग्रणी बने, इसके लिए सभी लोग उत्कृष्ट कार्य करें। कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं पहुंचाने के लिए आदि कर्मयोगी अभियान एक अच्छा अभियान है। इसके माध्यम से हम दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को भी सरकार योजनाओं से जोड़ सकते हैं। सभी लोग उत्साहपूर्वक कार्य करते हुए सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित करें।

#### सेवा प्रदाय शिविरों का आयोजन

आयोजित अभियान के अंतर्गत सेवा पर्व एवं आदि कर्मयोगी सेवा अभियान का आयोजन 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक किया जाना प्रस्तावित है। इसका उद्देश्य सेवा, समर्पण एवं सुशासन की भावना के साथ जमीनी स्तर के अधिकारी-कर्मचारियों को सशक्त कर नेतृत्व क्षमता को बढ़ाना तथा ग्राम स्तर पर शासकीय सेवाओं की प्रदायगी को सशक्त करना है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक चयनित ग्राम हेतु 02 अक्टूबर 2025 के पूर्व ट्रायबल विलेज विजन 2030 का निर्माण, जनभागीदारी के तहत विशेष जागरूकता अभियान, शिकायत निवारण एवं सेवा प्रदाय हेतु शिविरों का आयोजन, प्रत्येक पखवाड़े में आदिवासी सेवा दिवस एवं प्रत्येक सप्ताह (सोमवार) आदिवासी सेवा हेतु निश्चय समय का आयोजन किया जाएगा। आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स कपिल भट्ट, खुलेश साहू, पंकज कुमार सिन्हा एवं राजेश हिरकने द्वारा ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया।

#### 552 जनजातीय बाहुल्य ग्राम शामिल

उल्लेखनीय है कि इस अभियान के अंतर्गत जिले के 552 जनजातीय बाहुल्य ग्राम शामिल किए गए हैं। अभियान के तहत जिला एवं ब्लॉक स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स तथा ग्राम स्तर पर कैडर अशासकीय संस्थाएं, स्व-सहायता समूह, पंचायत सचिव, युवा, पंच, फ्रंटलाईन कर्मचारी, एवं सेवाभावी संगठन, स्वयंसेवक तैयार किये जाएंगे। ये सभी जिले के आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में विभिन्न योजनाओं जैसे- धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, पीएम जनमन योजना, मूलभूत सुविधाएं जैसे आवास, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार आदि के क्रियान्वयन, उपलब्धता एवं संतृप्तिकरण तथा भविष्य में आदिवासी ग्रामों के विकास हेतु ग्राम स्तर पर योजना तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। इस अभियान के तहत लाईन विभागों-वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के साथ आदि कर्मयोगी अभियान पर उन्मुखीकरण एवं क्रियान्वयन हेतु आवश्यक पहल की जा रही है। इस अभियान अंतर्गत चिन्हांकित प्रत्येक ग्राम में आदि सेवा केन्द्र की स्थापना किया जाएगा।

### भावुक माहौल में हुआ हरनगढ़ के प्राचार्य का विदाई समारोह



**पखांजुर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हरनगढ़ में प्राचार्य का विदाई समारोह भावुक माहौल में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ, छात्र-छात्राओं और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी देवकुमार शील और वर्तमान स्कूल प्राचार्य कविंद्र सेन सरपंच, उपसरपंच संजीत शील,सचिव एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष अजय बाछाड़, उपाध्यक्ष गोपाल ब्रह्मचारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। विदाई समारोह के दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि शिक्षकों और छात्रों ने विभिन्न गीत गाकर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान विदाई गीत गाते हुए शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं भावुक हो गए। प्राचार्य श्यामल चंद्र दे के साथ-साथ कई शिक्षक-शिक्षिकाएं भी इस अवसर पर भावुक दिखे। शिक्षकों और अतिथियों ने प्राचार्य श्यामल चंद्र डे के समर्पित और सराहनीय कार्यकाल की प्रशंसा की। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया एवं अपने घोषणा अनुसार गत वर्ष 10 वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा में टॉप 10 में स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को 10 हजार रूपएं का चेक देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## सरकार गांव, गरीब और किसान के उत्थान के लिए संकल्पित : विनायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

- विधायक ने किया 147 .39 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

विधायक विनायक गोयल ने बास्तानार क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों में कुल 147.39 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। भूमिपूजन कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत कुच्चेपाल से हुई, जिसके पश्चात क्रमशः काकलुर, करकापाल, कापानार, नयापारा कापानार, बागमुंडी, वाहनपुर एवं सुक्कोपाल में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन पंचायतों में ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के सशक्तीकरण हेतु सड़क, पुलिया, सीसी रोड, सामुदायिक भवन एवं अन्य आधारभूत ढांचे के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ।विशेष रूप से ग्राम पंचायत सुक्कोपाल में एक नवीन पुलिया का निर्माण किया जाएगा जो ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। इस पुलिया से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी और बरसात के समय में लोगों को हो रही परेशानी से निजात मिलेगी। इस अवसर पर विधायक गोयल ने कहा हमारा उद्देश्य बास्तानार को विकास के पथ पर अग्रसर करना है। हमारी सरकार गांव, गरीब और किसान के उत्थान के लिए संकल्पित है। इन निर्माण कार्यों से न केवल आधारभूत ढांचे को मजबूती मिलेगी, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

कार्यक्रम के दौरान संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच, गणमान्य नागरिक, जिला एवं जनपद पंचायत के अधिकारी, तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विधायक गोयल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्षों बाद गांवों को इस प्रकार की विकास योजनाओं का लाभ मिल रहा है।यह भूमिपूजन कार्यक्रम बास्तानार क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक मजबूत पहल है, जो आने वाले समय में क्षेत्र की तस्वीर बदलने का कार्य करेगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मण्डावी जनपद अध्यक्ष महावती मण्डावी, जिला मंत्री बाबुल नाग , जनपद सदस्य मनकु पोडियाम, मण्डल अध्यक्ष सुनील कुहरामी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मालती मण्डावी , रंगबती कश्यप , बामन वेट्टी, संतोष ठाकुर , कमल ठाकुर , विमल पाण्डेय, ईश्वर मुचाकी, सोहन पोयाम, रवि मण्डावी,बामन वेको, सीओ एवं अन्य जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## स्टेट यूथ रेडक्रॉस कैंप का कुम्हार कालेज के छात्रों किया प्रतिनिधित्व



**दुर्गुकोंदल।** इंटर-स्टेट यूथ रेड क्रॉस कैम्प में कंगलू कुम्हार शासकीय महाविद्यालय दुर्गुकोंदल के छात्र बीरेन्द्र कुमार एवं चैतराम तुलावी ने शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर की ओर से राज्य का प्रतिनिधित्व किया। रेड क्रॉस स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि देश के विभिन्न राज्यों और विश्वविद्यालयों से आए 200 से अधिक प्रतिभागियों ने एक साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में विशेषज्ञों ने रेड क्रॉस के उद्देश्य, मूल सिद्धांत मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, सेवा भाव, एकता एवं सार्वभौमिकताके साथ रक्तदान शिविर, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण सरंक्षण, प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कार्यक्रम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्याख्यान व प्रयोगात्मक जानकारी दिया। विभिन्न गतिविधियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्वयंसेवकों को अलग-अलग राज्यों की संस्कृति को जानने का अवसर मिला। इस दौरान बस्तर अंचल की प्रमुख आदिवासी संस्कृति, व्यंजन, आभूषण एवं पारंपरिक वेशभूषा का प्रदर्शन और लाइव डेमो प्रस्तुत कर दोनों विद्यार्थियों ने विशेष पहचान बनाई। यह अनुभव उनके लिए गर्व और स्वाभिमान का विषय रहा। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को शैक्षणिक भ्रमण के तौर पर हरियाणा के विभिन्न दर्शनीय स्थल, पुरातत्व संग्रहालय, प्राचीन म्यूजियम, ऊष्मा संग्रहालय एवं अन्य ऐतिहासिक स्थलों पर ले जाया गया। इससे विद्यार्थियों को शैक्षणिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त हुआ।

## प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण करने लगायी गयी आवास चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल में प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण करने आवास चौपाल लगया जा रहा है, जिसमें शासन के द्वारा जनपद पंचायत के सभी ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना को गति में लाने के लिए आयोजन किया जा रहा है। जनपद पंचायत के सीईओ सुरेंद्र बंजारे के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत आवासो को तेजी से पूर्ण करने एवं हितग्राहियो को प्रोत्साहित करने के लिए ग्राम पंचायत लोहत्तर के ग्राम पंचायत भवन में आवास चौपाल लगाया गया। आवास चौपाल में जनपद सभापति विकास राजु नायक ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों के हितग्राहियों, जनपद सदस्यों तथा सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं जनपद स्तर के अधिकारियों द्वारा आवास चौपाल में उपस्थित होकर सभी अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों को समय-सीमा में पूर्ण कराये जाने आवश्यक कदम उठाये जा रहे है। इसका उद्देश्य गुणवत्तायुक्त आवास निर्माण के लिए तकनीकी मार्गदर्शन दिया जा रहा है। सामाग्री आपूर्ति एवं अभिसरण के तहत मिलने वाले लाभों से अवगत कराया जा रहा है। हितग्राहियों को अपने निर्माणाधीन आवासों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना को गति देना, इस योजना का लक्ष्य सभी आवासहीन परिवारों और कच्चे और जीर्ण-शीर्ण घरों में रहने वाले परिवारों को बुनियादी सुविधाओं के साथ एक पक्का घर प्रदान करना है।

इस अवसर पर सरपंच बसंती भालेश्वर, ग्राम गायता पुरुषोत्तम देहारी, देवलु देहारी, जगमोहन केडाम, मन्नू गढ़ियि, ओमप्रकाश, कमलेश मंडावी, वार्ड पंच, पंचायत सचिव कंशकुमार चुरेंद्र, रोजगार सचिव पूनम देहारी, प्रधानमंत्री आवास हितग्राही, वार्ड पंच सहित ग्रामवासी उपस्थित हुए।

## सरपंच ने कहा मैं हमेशा ग्रामवासियों के साथ हूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- प्रभावितों के बीच पहुंचकर किया खाद्य सामग्री का



ग्राम पंचायत गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप लगातार अपने ग्राम पंचायत क्षेत्र के बारिश से प्रभावित पीड़ितों से मुलाकात कर रहे हैं । आज पीड़ित परिवारों के बीच पहुंचे और उनके बीच राशन सामग्री,कपड़ों के साथ आवश्यक सामग्रियों का किया वितरण। लोगों ने अपनी समस्याओं से रूबरू करवाया । इस पर कश्यप ने कहा कि वह पूरी तरह उनके साथ हैं। गढ़यिा ग्राम पंचायत के सरपंच ने बताया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में करीब 20 परिवार लगातार बारिश से प्रभावित है जिनके साथ में लगातार संपर्क में है। और गांव की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि बारिश से प्रभावित और गिरे हुए कच्चे आवास का सर्व पटवारी द्वारा उन्होंने करवा लिया है और आगे की कार्यवाही शीघ्र हो जाएगी । इसके लिए वे निरंतर लगे हुए हैं। प्रभावितों ने भी कहा है कि वह खुद को इस कठिन समय में अकेले महसूस नहीं कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सरपंच के नेतृत्व में सब ठीक हो जाएगा। बारिश से प्रभावितों के बीच पहुंचकर किया खाद्य सामग्री का वितरण।

## 25 हजार कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ में शामिल होंगे बस्तर के श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- प्रवचन के माध्यम से आमजन को महायज्ञ में देंगे आमंत्रण



वाराणसी स्थित स्वर्वेद महामन्दिर धाम उमरहां में आगामी 25 एवं 26 नवंबर को आयोजित होने वाले 25 हजार कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ में भाग लेने के लिए बस्तर संभाग के श्रद्धालु पहुंचेंगे। संत विज्ञानदेव महाराज के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम 14 सितंबर को शहर के धरमपुरा के कृष्णा गार्डन में सुबह 11 बजे से किया जाएगा। इस अवसर पर संत विज्ञानदेव महाराज अपने प्रवचन के माध्यम से आमजन को महायज्ञ में भाग लेने का आमंत्रण देंगे। बस्तर संभाग के सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव और नारायणपुर सहित अन्य जिलों से लगभग 10 हजार श्रद्धालु इसमें शामिल होने की संभावना रखते हैं। जिला प्रशासन और आश्रम द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए बस और अन्य व्यवस्थाओं का भी प्रबंध किया गया है। उक्त बातें सदाफल आश्रम सिंचाई कालोनी में बुधवार को आयोजित पत्रवार्ता में आश्रम के पदाधिकारी ओंकार कौशिक, सुनील पिल्लई, हरेश साहू, एएमएस नाइक, सुदुराम कश्यप, डॉ. बीएल साहू, सुकालुराम साहू ने कही। उन्होंने कहा कि संत विज्ञानदेव महाराज की राष्ट्रीय स्तर की यात्रा कश्मीर से कन्याकुमारी तक राष्ट्रव्यापी स्वर्वेद संदेश यात्रा के रूप में संचालित की जा रही है। 11 सितंबर को ओडिशा के नवरंगपुर में कार्यक्रम के बाद वे जगदलपुर पहुंचेंगे, जहां रास्ते में विभिन्न स्थानों से उनका सम्मान किया जाएगा। इसके बाद 12 सितंबर को बीजापुर, 13 सितंबर को दंतेवाड़ा और 14 सितंबर को जगदलपुर में कार्यक्रम आयोजित होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आमजन को धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना और उन्हें वाराणसी महायज्ञ में भाग लेने का अवसर प्रदान करना है।

## पेज 11 के शेष...

### महंगे दामों पर...

बिना पॉस मशीन की एंट्री किए अधिक दर में खाद बेचता है। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कृषि विस्तार अधिकारी कुलदीप साहू एवं खाद निरीक्षक अनिमेष गावड़े ने दुकान और गोदाम का निरीक्षण किया। मौके पर संचालक पंकज पटेल अनुपस्थित पाए गए। सरपंच, ग्राम पटेल एवं ग्रामीण किसानों की उपस्थिति में गोदाम को यथास्थिति में सील कर दिया गया।

### झूठे आरोपों में ...

के अध्यक्ष के विरुद्ध अनर्गल, असत्य एवं अपमानजनक टिप्पणियों की पोस्ट किया जा रहा है, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा, राजनीतिक छवि व व्यक्तिगत सम्मान को गहरी ठेस पहुँचा है। यह कार्य न केवल मानहानि का अपराध है, बल्कि राजनीतिक द्वेषवश किया गया कृत्य है, जो समाज में भ्रम फैलाने और राजनैतिक असंतोष पैदा करने की मंशा से प्रेरित प्रतीत होता है। हमारी माँग है कि हमारी शिकायत को संज्ञान लेते हुए दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 356(1), 356(2), 356(3), 353 तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं 66 (1) के तहत मामला द र्ज करते हुए कठोर कार्रवाई किया जाएं। थाना प्रभारी को शिकायत पत्र सौंपने के दौरान महामंत्री पीयूष वलेचा, दीपांशु जैन, जतिन अटभैया, प्रवेश चौहान, सुनील ठाकुर, चिन्मय लोनहारे, अंकित तिवारी, शिवम जैसवाल, अंकित टावरी, शानू उपस्थित रहे।

### मरदापोटी में अज्ञात...

मां द्रोपति सलाम घर में मृत अवस्था में पड़ी थी और उसके बाएं गाल मे चोट का निशान दिख रहा था। इसके अलावा जमीन पर खून फैला हुआ था। मैने अपने भाई अनिल सलाम से पूछा कि यह घटना कैसे हो गया, उसने बताया कि मैं मुर्गा दुकान गया हुआ था, मुझे कुछ नहीं मालूम। शिकायत पर पुलिस ने मृतिका को अज्ञात द्वारा हत्या करने पर अज्ञात के खिलाफ धारा 103 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### अनियंत्रित बाइक...

लोगों ने बताया कि कल गणपति का विसर्जन था, वहीं देखने के लिए आया था। विसर्जन के उपरांत अलबेलापार से संजय नगर जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ है।

कांकेर थाना प्रभारी मनीष नागर ने बताया कि मेमो आया हुआ है, जिससे स्पष्ट है कि मृतक चारामा का निवासी है। पूरी रिपोर्ट मिलने के बाद ही विस्तृत जानकारी मिल सकेगी।

### छेडछाड़ कर जान...

के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान त्वारित कार्यवाही करते हुए कांकेर पुलिस ने आरोपी कालेश्वर साहू उर्फ कालिया पिता मधुकर साहू को बेवरती साहूपारा से गिरफ्तार कर न्यायालय कांकेर में न्यायिक अभिरक्षा के लिए पेश कर जेल दाखिल किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में मप्रआर हितेश्वरी चेलक, ओम प्रकाश कृषान, सत्य प्रकाश सिंह एवं सायबर सेल प्रआर मनीराम भोई का अहम भूमिका रहा है।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जगदलपुर।** बोधघाट थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इकलौती बेटी के आत्महत्या करने से परिवार सदमें में है वहीं मामले की जांच बोधघाट पुलिस द्वारा की जा रही है। बोधघाट थाना प्रभारी लीलाधर राठौर ने बताया कि थाना क्षेत्र निवासी दीपक वासवानी की बेटी कोमल 26 वर्ष मंगलवार की सुबह अपने भाइयों के खाना खाने के बाद अपने कमरे में चली गई थी। काफी देर के बाद भी कमरे से बाहर नहीं आने पर जब उसका दरवाजा खोला गया तो उसे पंखे में लटका देख परिजन उसे तत्काल महारानी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटी के अचानक उठाए गए इस कदम से परिवार सदमे मे है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए मेकाज भेजा। बताया जा रहा है कि मृतिका का ग्रेजुएशन पूरा होने के बाद ब्यूटी पार्लर का कोर्स कर रही थी। इसके अलावा पिता का संजय मार्केट में होलसेल का दुकान भी है। वहीं बेटी कोमल के लिए परिजनों ने एक घर भी देखा था जहां उसकी सगाई की बात चल रही थी। बावजूद मंगलवार को कोमल ने सुसाइड कर लिया। पुलिस को कोमल के पास से किसी भी तरह से कोई भी सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। फिलहाल पुलिस शव का पीएम के बाद परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

# बाढ़ प्रभावित परिवारों को विधायक ने त्रिपाल वितरण कर बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के बाहरगुड़ा पारा क्षेत्र में हाल ही में आई भीषण बाढ़ से कई परिवारों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को सहायता पहुंचाने हेतु आज एक राहत शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विधायक विनायक गोयल ने स्वयं उपस्थित रहकर पीड़ितों को त्रिपाल का वितरण किया। यह त्रिपाल अस्थायी आवास की सुविधा के रूप में प्रदान की गई। जिससे प्रभावित परिवार बारिश और मौसम की अन्य मार से स्वयं को सुरक्षित रख सकें। त्रिपाल वितरण के दौरान गोयल ने कहा प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में पीड़ितों की मदद करना केवल सरकार या जनप्रतिनिधियों की ही नहीं बल्कि हम सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि जिनके आशियाने बाढ़ की चपेट में आए उनके चेहरों पर थोड़ी राहत की मुस्कान लाना ही इस प्रयास की सबसे बड़ी सफलता है। सरकार और संगठन मिलकर हर संभव सहायता पहुंचाने हेतु कटिबद्ध हैं। राहत सामग्री पाकर प्रभावित परिवारों में कुछ हद तक राहत और संतोष का भाव देखने को मिला। कई पीड़ितों ने विधायक गोयल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में उनका साथ मिलना एक बड़ी संबल देने वाली बात है। मंडल पदाधिकारियों ने मौके पर रहकर वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आश्वस्त किया कि आगे भी आवश्यकता पड़ने पर हर संभव सहयोग दिया जाएगा। इस मौके पर स्थानीय प्रशासन के सहयोग से पीड़ित परिवारों की अन्य प्राथमिक आवश्यकताओं की सूची भी तैयार की गई, जिससे आने वाले समय में और बेहतर सहायता पहुंचाई जा सके।

### आपदा की घड़ी में पीड़ितों की मदद करना हम सभी की जिम्मेदारी : गोयल



**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, नरेश खापडे, शालेन्द्र सेठिया, भरत कश्यप, चन्द्रशेखर ठाकुर, सतीश अग्रवाल, एव मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारीगण, और स्थानीय प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बाढ़ प्रभावित बच्चों को अध्ययन सामग्री वितरित



**गीदम।** जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने अपने क्षेत्र में हाल ही में आई भीषण बारिश और बाढ़ से प्रभावित बच्चों के लिए सराहनीय पहल की है। बाढ़ के कारण कई घर पूरी तरह गिर गए और अनेक परिवारों का आवश्यक सामान बह गया। इसमें बच्चों की कॉपी, पुस्तकें तथा अन्य अध्ययन सामग्री भी नष्ट हो गई। बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो इसके लिए सुलोचना कर्मा ने स्वयं के स्तर पर अध्ययन सामग्री आदि का जरूरतमंद बच्चों को वितरित किया। कहा कि बच्चे हमारे समाज का भविष्य हैं। बाढ़ जैसी आपदा से उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो, यही हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। जब से बाढ़ आई है, तब से वह लगातार क्षेत्र में जाकर लोगों से संपर्क कर रही हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रही हैं। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उनकी टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रयास से बच्चों को पढ़ाई जारी रखने की प्रेरणा मिलेगी और परिवारों को भी राहत पहुंचेगी। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री रविश सुराना, युवा कांग्रेस से उमेश कश्यप, दया भास्कर, फुंडरी सरपंच भीमसेन कड़ती उपस्थित थे।

### प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री से की भेंट



**गीदम।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ का प्रांतीय प्रतिनिधिमंडल गजेंद्र यादव मंत्री स्कूल शिक्षा ग्रामोद्योग, विधि विधायी छत्तीसगढ़ शासन से उनके निवास में प्राचार्य पदोन्नति टी संवर्ग पश्चात पदांकन के सफल निष्पादन हेतु आभार व्यक्त किया गया। इसी परिप्रेक्ष्य में ई संवर्ग प्राचार्य पदांकन की शीघ्र कार्यवाही निष्पादन की अपेक्षा की। महोदय ने शीघ्र ही शनिवार शाला संचालन समय पूर्ववत प्रातः 7.30 बजे से 11:30 बजे तक करने का आदेश जारी करने की बात कही। वहीं व्याख्याता ई संवर्ग पर शीघ्र पदोन्नति की बात कही। इसी के साथ सुझावात्मक 11 बिंदु शामिल किये गये जिसमें सहायक शिक्षकों का तृतीय समय मान वेतनमान, गैर शिक्षकीय कार्यों पर पूर्ण प्रतिबंध, एकीकृत परिसर में जहां कक्षा एक से 12 वी तक की कक्षाएं संचालित हैं उप प्राचार्य पद का सृजन करने की मांग की गई। प्रतिनिधि मंडल में संजय सिंह ठाकुर प्रांताध्यक्ष, ओंकार सिंह प्रमुख प्रांतीय संगठन मंत्री, डॉ अशोक कुमार गुप्ता उपप्रांताध्यक्ष, मनोज राय महामंत्री, हरि प्रसाद शर्मा, भुवन सिंहा संभागीय अध्यक्ष, टीकम सिंह साहू प्रांतीय मंत्री, भुवनेश्वर देवांगन, हरनारायण राजपूत जिला अध्यक्ष, देवेंद्र तिवारी, नेम सिंह साहू, प्रणव माड्डारिक शामिल रहे।

### समलूर, सियानार, बिंजाम, में नुकसानी क्षेत्र का कलेक्टर ने किया स्थल परीक्षण

# प्रभावितों के लिए बनेंगे नए पक्के घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

- प्रभावितों से अपने-अपने बैंक खातों में राशि अंतरण का चेक करने का किया आग्रह
- फसल क्षति के लिए कृषि बीमा के अंतर्गत मिलेगा मुआवजा

जिले में लगातार हुई अतिवर्षा से प्रभावित इलाकों का जायजा लेने कलेक्टर कुणाल दुदावत ने विगत दिवस गीदम विकासखंड के कई ग्राम पंचायतों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित ग्रामीणों से घर-घर जाकर मुलाकात की और उनकी समस्याओं को गहराई से समझा। कलेक्टर ने विशेष रूप से ग्राम पंचायत समलूर के कबाड़ीपारा, सियानारा के महारापारा, नदी किनारे पारा तथा बिंजाम के पटेलपारा का दौरा किया। प्रभावित परिवारों से संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासन हर संभव सहयोग उनके साथ खड़ा है और किसी भी जरूरतमंद को असहाय महसूस नहीं होने दिया जाएगा। दौरे के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों को जानकारी दी कि राहत राशि का अंतरण सीधे उनके बैंक खातों में किया जा चुका है। इसके अलावा फसल और मवेशियों को हुए नुकसान की जानकारी लेकर मुआवजा राशि शीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। महिलाओं द्वारा दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कमी की बात सामने लाए जाने पर जनपद सीईओ गीदम को तुरंत आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टरने राहत शिविरों का भी निरीक्षण किया। जहां वे प्रभावित परिवारों से सीधे मिले और उनके रहने-सहने, भोजन एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जब तक हालात पूरी तरह सामान्य नहीं हो जाते, राहत शिविरों का संचालन जारी रहेगा।





**सहायता राशि में की गई वृद्धि**

कलेक्टर ने कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राहत सहायता राशि में वृद्धि की गई है। जिन परिवारों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं उनके मरम्मत कार्य हेतु वन विभाग को बांस और बल्ली की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जिन मकानों का अब तक सर्वे नहीं हुआ है, उन्हें तत्काल सर्वे कर लाभ दिलाने की बात कही। इसके अलावा जिन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ स्वीकृत हो चुका है उन्हें जल्द निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए कहा गया। वहीं जिनके घर पूरी तरह ढह गए हैं और उनका नाम अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल नहीं हुआ है उनके नाम भी जोड़े जाने के निर्देश दिए गए।

## न्योता भोजन में कलेक्टर और सीईओ हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल कारली में आज न्योता भोजन कार्यक्रम में कलेक्टर कुणाल दुदावत और सीईओ जयंत नाहटा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने उक्त शैक्षणिक संस्था की अध्ययनरत छात्रा कुमारी खुशी ठाकुर द्वारा नीट परीक्षा क्वालीफाई कर पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर में चयनित होने पर शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि जिले में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले छात्रा के सम्मान में बुधवार को न्योता भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। दोनों अधिकारियों ने छात्रा के साथ न्योता भोजन साझा करते हुए अन्य छात्रों को भी प्रेरणा लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रोत्साहित किया। कलेक्टर दुदावत ने छात्रा को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि सभी छात्रों को पढ़ने की प्रक्रिया को तनाव ना लेते हुए शांत, सकारात्मक तरीके से अपना प्रदर्शन को प्रभावी बना सकते है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने भी छात्रा की सफलता की सराहना करते हुए इसे पूरे जिले के लिए गर्व का विषय बताया। उन्होंने विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों के योगदान को भी महत्वपूर्ण करार दिया और कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। न्योता भोजन कार्यक्रम न केवल छात्र और उसके परिवार को गौरवान्वित किया, बल्कि यह जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायी संदेश बनकर सामने आया।

# जान जोखिम में डालकर चिंतावागु नदी पार, ग्रामीणों तक पहुंची स्वास्थ्य टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

- बरसात और कठिन हालात के बावजूद मलेरिया मुक्त अभियान

बरसात का मौसम और सामने तेज बहती चिंतावगु नदी। ऐसे हालात में गाँव तक पहुँचना आसान नहीं, लेकिन स्वास्थ्य सेवाएँ यहाँ रुकती नहीं हैं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. चलपति राव के नेतृत्व में गोरला स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने 2 सितंबर को नदी पार कर गोरगोंडा गाँव तक पहुँच बनाई और ग्रामीणों को जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएँ दीं। गाँव पहुँचते ही सबसे पहले ग्रामीणों की मलेरिया किट से जाँच की गई। कई लोगों में सर्दी, खांसी और बुखार के लक्षण पाए गए, लेकिन राहत की बात यह रही कि किसी में भी मलेरिया पॉजिटिव नहीं निकला। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि समय पर जाँच और रोकथाम से बीमारी को फैलने से रोका जा सकता है। जाँच के साथ-साथ टीकाकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। गर्भवती महिलाओं को आवश्यक टीके लगाए गए, वहीं बच्चों को आयरन-फोलिक एसिड सीरप और विटामिन 'ए' की डोज पिलाई गई। स्वास्थ्यकर्मियों ने कहा कि यह बच्चों को कुपोषण और एनीमिया से बचाने के लिए बेहद जरूरी है। डॉ. चलपति राव ने कहा कठिन भौगोलिक परिस्थितियाँ और नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद हमारी प्राथमिकता ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना है। मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान तभी सफल होगा, जब हर गाँव तक समय पर जाँच और उपचार पहुँच सके। उनकी सक्रियता और दूरस्थ गाँवों तक पहुँचने की दृढ़ इच्छाशक्ति इस अभियान की सफलता की असली ताकत मानी जा रही है। टीम ने ग्रामीणों को बरसात के दिनों में साफ-सफाई रखने, पानी जमा न होने देने और मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह दी। साथ ही बीमारी के लक्षण दिखते ही तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पहुँचने की अपील की गई। इस अभियान में स्वास्थ्यकर्मी माधवी पनवलकर, गणपत गुरला, मधु मालती डेविड, महेन्द्र लम्बाड़ी, शैलेश कुमार, संजीव मट्टी, ब्रिजेश कोरम और नागुबाई वासम शामिल रहे।





## स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर कलेक्टर सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

- कोंटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव बुधवार को अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंटा पहुंचे और संपूर्ण चिकित्सा व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, लैब रूम, ऑपरेशन थिएटर और जनरल वार्ड का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से पोषण पुनर्वास केंद्र व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा कि वार्डों में स्वच्छता और सफाई सर्वोच्च प्राथमिकता में हो। स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था हो। मौसम को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो। सभी स्वास्थ्यकर्मी मुख्यालय में रहकर नियमित फील्ड विजिट करें। प्रशासन का यह प्रयास ज़िले में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और मरीजों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है। निरीक्षण के समय सीएमएचओ डॉ. आरके सिंह, बीएमओ सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे।



## घर में घुसकर नाबालिग के साथ अश्लील हरकत करने वाले वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

किरन्दुल में 1 सितंबर की जब पीड़ति अपने परिवार के साथ अलग कमरे में सोई थी रात्रि करीबन 9.30 बजे एक आदमी घर में अंदर घुसकर पीड़िता के कपड़े उतारने की कोशिश करने लगा। पीड़िता द्वारा चिल्लाने पर जब वह आदमी भागने लगा तब घर वालों द्वारा उसकी पहचान रोहित यादव पिता राम संजीवन यादव उम्र 30 वर्ष जो पीड़ति के ही मोहल्ले का रहने वाला था। पीड़िता के परिजनों की रिपोर्ट पर थाना किरन्देुल में अपराध क्रमांक 50/2025 धारा 75(2) बीएनएस, 08 पाक्सो एक्ट कायम किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की पता तलाश हेतु पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गौरव राय द्वारा महिला संबंधी अपराध को गम्भीरता से लेते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री उदित पुष्कर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.के. बर्मन के मार्ग दर्शन एवं एसडीओपी किरन्दुल कपिल चंद्रा के पर्यवेक्षण में प्रकरण के आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने निर्देश प्राप्त होने पर थाना प्रभारी किरदुल के नेतृत्व में रोहित यादव को 2 सितबंर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। विशेष योगदान थाना किरन्दुल सउनि. के सीमाचलम, अनिता चौधरी, आरक्षक मकसूदन मंडावी, महिला आरक्षक सुरेखा सलाम का रहा।



## तसर रेशम कीट पालन तकनीक से किसान हुए लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

मेरा रेशम मेरा अभिमान पहल के तहत तसर रेशम कीट पालन तकनीक और पीड़ प्रबंधन पर एक जागरूकता कार्यक्रम दुमरतराई, में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन डॉ. बी. तिरुपति रेड्डी वैज्ञानिक-सी, सीएसबी-बीएसएमटीसी बस्तर, द्वारा विभाग ऑफ सेरीकल्चर (डीओएस), नारायणपुर के समन्वय से किया गया था। ताहिर हुसैन सिद्दी की (एसटीए, सीएसबी-बीएसएमटीसी बस्तर) ने भी तसर किसानों को संबोधित किया और उन्नत रेशम कीट पालन प्रथाओं और तसर सेरीकल्चर में नई प्रौद्योगिकियों के बारे में जागरूकता पैदा की। कार्यक्रम में कुल 40 किसानों और 4 डीओएस कर्मचारियों ने भाग लिया और विशेषज्ञों द्वारा साझा किए गए ज्ञान और अंतर्दृष्टि से लाभान्वित हुए।

### वैज्ञानिकों ने बताए बचाव के उपाय

# धान के फसल पर मंडरा रहा झुलसा रोग का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिले के किसानों के लिए चिंताजनक स्थिति पैदा हो सकती है, क्योंकि धान की फसलों पर जीवाणु जनित झुलसा रोग (बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट) का खतरा बढ़ रहा है। इस संदर्भ में कृषि विज्ञान केन्द्र सुकमा के पौध रोग वैज्ञानिक राजेन्द्र प्रसाद कश्यप एवं कीट वैज्ञानिक डॉ. योगेश कुमार सिदार ने किसानों को आवश्यक जानकारी दी है।

विशेषज्ञों के अनुसार, यह रोग धान की फसल में रोपाई या बुवाई के 20 से 25 दिन बाद दिखाई देता है और पौधे की छोटी अवस्था से लेकर परिपक्व अवस्था तक कभी भी हमला कर सकता है। शुरुआत में पत्तियों के किनारे पीले पड़ जाते हैं बाद में पत्तियां नोंक से सूखकर झुलसी हुई नजर आने लगती हैं। संक्रमित पत्तियों पर राख के रंग के चकत्ते भी दिखते हैं। अगर संक्रमण अधिक हो जाए तो पूरी पत्तियां सूख जाती हैं, जिससे पौधे कमजोर हो जाते हैं, उनमें कंसे कम निकलते हैं और दाने अधूरे भरते हैं, नतीजतन पैदावार घट जाती है। फसल में किसी भी प्रकार के रोग की संभावना होने पर क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को जानकारी दें।रोग नियंत्रण के लिए वैज्ञानिकों ने किसानों को निम्नलिखित सुझाव दिए हैं खेतों को खरपतवार मुक्त रखें और पुराने फसल अवशेष नष्ट करें। प्रमाणित बीजों का चयन कर समय पर बुवाई करें। रोग प्रतिरोधी किस्में लगाएं और संतुलित मात्रा में खाद-पोषक तत्वों का उपयोग करें। रोग की स्थिति में खेत से अतिरिक्त पानी निकाल दें, 3-4 दिन तक खेत खुला रखें और 25 किलो पोटाश प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें। किसी भी रासायनिक दवा का प्रयोग न करें और आवश्यकता पड़ने पर कृषि विज्ञान केन्द्र या कृषि विभाग से संपर्क करें।

कृषि विशेषज्ञों ने किसानों से अपील की है कि फसल में किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही न करें और तुरंत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और कृषि वैज्ञानिकों से मार्गदर्शन लें, ताकि फसल उत्पादन पर गंभीर असर न पड़े।



## अध्यन सह भ्रमण कार्यक्रम गुजरात मे शामिल हुए नगर अध्यक्ष



**बचेली।** राज्य शासन नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगर पालिका अध्यक्षों एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारीयों का गुजरात के नगर निगम सूरत में स्वच्छ भारत मिशन -शहरी 2.0 अंतर्गत अध्यन सह भ्रमण हेतु नामित किया गया। जिसमे नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल एवं नगर पालिका अधिकारी पीटीएम कृष्णा राव शामिल हुए कार्यक्रम 28 अगस्त से 30 अगस्त तक रहा भ्रमण कार्यक्रम नगर के विकास सम्बन्धी नई तकनीक एवं किस प्रकार सूरत स्वच्छ शहरों में विख्यात है। यह अध्यन किया गया अध्यक्ष नगर पालिका राजू जायसवाल द्वारा बताया गया की सूरत में भ्रमण में डोर टू डोर कलेक्शन, नए तकनीकों से सूखे कचरों का निपटारा, 3 आर के फॉर्मेले को समझाया जिसमे आर से तात्पर्य रेडूस,री साइकिल, री यूज़ अंतर्गत किया गया तकनीकों का डिजिटल उपयोग वाहनों का उन्नत मॉनिटरिंग सिस्टम आदी में बहुत कुछ अध्यन किया गया नगर पालिका बड़े बचेली को इस अध्यन द्वारा लाभ मिलेगा जिससे लोगों में स्वच्छ भारत मिशन के प्रति जनजागरूकता एवं उन्नत तकनीकों से नगर में योगदान से सहारा मिलेगा।

## खबर संक्षेप



### श्रीश्री नवदुर्गोत्सव समिति की बैठक पांच को

**चारामा।** श्री श्री नवदुर्गोत्सव समिति का 5 सितंबर शुक्रवार को शाम 7 बजे समता रंगमंच में आवश्यक बैठक रखी है, जिसमें अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज, पार्षद, पूर्व सदस्य, पूर्व अध्यक्ष, पूर्व पार्षद, पत्रकारगण, शीतला समिति के सदस्य, व्यापारीगण सहित समिति से संबंधित नगर के सभी सेवादारों को बैठक में उपस्थित होने का अव्हान समिति द्वारा किया गया है।

### एनएचएम कर्मचारियों का प्रदर्शन 17वें दिन भी जारी



**भानप्रतापपुर।** एनएचएम संघ के हड़ताल प्रदर्श को समर्थन देने विकासखंड भानुप्रतापपुर के शिवसेना प्रमुख चंद्रमौली शामील हुए। संघ के मांग को जायज बताते हुए प्रदेश सरकार को मांग को पूर्ण करने के लिए समर्थन किया। साथ ही एनएचएम कर्मचारियो ने कोरोना योद्धाओं को श्रद्धांजली देते हुए पीपी किट पहन कर खोई हुई मोदी की गारेन्टी को खोजते हुए भानुप्रतापपुर के दुकानदार तथा व्यापारीयो से भीख मांगते हुए नगर के मुख्य चौक पर थाली बजाकर विरोध प्रदर्शन किया।

### 15 तक आवेदन करने का है मौका

**कांकेर।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा जिले में निवासरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों से स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए ऋण सहायता के लिए 15 सितम्बर तक आवेदन करने का मौका है। बैंक प्रवर्तित योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के लिए अंत्योदय स्वरोजगार योजना और अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत ऋण प्रदाय किया जाएगा।

### प्राथमिक शाला बेल्दो के प्रधानपाठ हुए निलंबित

**कांकेर।** जिले के दुर्गुकोंदल विकासखण्ड की शाला प्राथमिक शाला बेल्दो के प्रधान पाठक हेमलाल कोमा को जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी निलंबन आदेश में उल्लेख किया गया है कि उक्त प्रधान पाठक द्वारा शराब सेवन कर बीईओ कार्यालय में उपस्थित रहने की पुष्टि बीईटो ने किया और उनके द्वारा मिले प्रतिवेदन पर डीईओ ने प्रधानपाठक के कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उप नियम 1, 2, 3 के प्रतिकूल होने पर कदाचरण की श्रेणी में मानते हुए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कोयलीबेड़ा नियत किया गया है।

## बैठक

### कलेक्टर निलेश ने सामाजिक समरसता और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील

# गणेश प्रतिमा विसर्जन और मिलादुन्नबी मनाने के लिए शांति समिति की बैठक में रणनीति तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर नगर में दस दिवसीय गणेशोत्सव और ईद-ए-मिलादुन्नबी पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में आहूत की गई, जिसमें उन्होंने सभी वर्गों से पूर्व वर्षों की भांति परस्पर सामाजिक समरसता, भाईचारा और सौहार्द्र के साथ पर्वों का आयोजन करने की अपील की। साथ ही सभी समितियों के आयोजकों से आवश्यक व अपेक्षित सहयोग करने और शासन द्वारा निर्धारित नियमों व कानूनों का पालन करने की बात कही।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में कलेक्टर ने अपील करते हुए कहा कि बिना तथ्यात्मक पुष्टि के सोशल मीडिया के माध्यम से अपुष्ट अफवाहें और भ्रामक समाचार प्रसारित नहीं किया जाए ताकि किसी प्रकार का प्रतिकूल वातावरण निर्मित न हो। कलेक्टर ने ऐसे मेसेज कंटेंट से सावधान रहने का भी आग्रह किया, जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत न हों। उन्होंने मूर्ति विसर्जन के संबंध में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा निर्धारित नियमों व दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए समिति के पदाधिकारियों से आवश्यक सहयोग करने का अनुरोध किया। कलेक्टर ने विशेष रूप से अपील करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुए गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे, धुमाल, हाईबेस वूफर साउंड सिस्टम का उपयोग नहीं किया जाए। इसी तरह मूर्ति विसर्जन, शोभायात्रा, जुलूस एवं झांकी प्रदर्शन के लिए रूट चार्ट आदि के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से माइक्रो प्लानिंग की जाएगी, जिसमें इस दौरान सभी आवश्यक सेवाओं, सुविधाओं, सुरक्षा पहलुओं, पार्किंग, रूट चार्ट आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इस दौरान कलेक्टर ने सभी आयोजकों से मूर्ति विसर्जन और शोभायात्रा रात्रि दस बजे तक सम्पन्न कराने के लिए कहा।





बैठक में अपर कलेक्टर ने एनजीटी के निर्देशों की जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन समितियों को जिला प्रशासन के सक्षम प्राधिकारी से विधिवत अनुमति लेनी होगी। शोभायात्रा, जुलूस में एनजीटी द्वारा पारित निर्णयानुसार लाउड स्पीकर यंत्रों की सीमा 10 डेसिबल ए/75 डेसिबल (ए) होगी। ध्वनि एवं पर्यावरण प्रदूषण रोकने रात्रि 10 बजे तक की समय-सीमा निर्धारित की गई है, जिसका सभी आयोजन समिति अनिवार्यतः पालन करें। मूर्ति विसर्जन के दौरान सभी प्रकार के आयोजन की जानकारी जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के संज्ञान में लाना अनिवार्य है तथा सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बाद ही स्वागत द्वार, मंच-पंडाल का निर्माण व सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किया जाए। इसके अलावा जुलूस शोभायात्रा के दौरान बजाए जाने वाले गीत-संगीत कर्णप्रिय, गरिमामय तथा भक्तिपूर्ण हो, इसका भी ध्यान रखा जाए। झांकी अथवा शोभायात्रा के दौरान किसी प्रकार का हथियार लेकर चलना सख्त वर्जित रहेगा तथा महिलाओं के सम्मान व सुरक्षा विशेष तौर पर ध्यान आयोजन समितियों द्वारा रखा जाए।

अपर कलेक्टर ने एनजीटी और उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के विभिन्न निर्देशों की भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न समिति के पदाधिकारियों ने भी मूर्ति विसर्जन के दौरान यातायात व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, भीड़ नियंत्रण व अन्य प्रकार की जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए।

इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, उपाध्यक्ष उत्तम यादव, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी, एडिशनल एसपी दिनेश कुमार सिन्हा सहित पार्षदगण, विभिन्न आयोजन समितियों के पदाधिकारीगण व मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि और मीडिया प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# नीति आयोग के राज्य नोडल अधिकारी ने क्षेत्र का लिया जायजा, जानी हकीकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखण्ड दुर्गुकोंदल में आकांक्षी ब्लॉक में नीति आयोग की टीम ने स्टेट नोडल अधिकारी के नेतृत्व में एक व्यापक क्षेत्रीय भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान विभिन्न विभागों के कार्यों का निरीक्षण किया गया, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की गुणवत्ता और उनमें आने वाली चुनौतियों की समीक्षा की गई। निरीक्षण दल ने ब्लॉक के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण केंद्रों का दौरा किया, जिसमें आयुष्मान आरोग्य मंदिर डांगरा, मावा मोदोल लाइब्रेरी, शासकीय प्राथमिक विद्यालय हूलघाट, और आंधेवाडा आंगनवाड़ी शामिल रहे। नीति आयोग की टीम ने विशेष रूप से दुर्गूकोंदल के सुदूर क्षेत्र में स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय हूलघाट का दौरा किया। इस विद्यालय तक पहुंचने के लिए दल ने घुटनों तक बह रहे नाले को पार किया और लगभग 300 मीटर घने जंगल के बीच पैदल चलकर अपनी मंजिल तक पहुंचे। वहां पहुंचकर टीम ने सबसे पहले विद्यालय परिसर में बने किचन गार्डन का अवलोकन किया, जहां बरबट्टी, करेला, मिर्च, और केला जैसी सब्जियों की खेती की जा रही थी। प्रधान पाठक भागीरथी केकती ने बताया कि इन सब्जियों का उपयोग मध्याह्न भोजन कार्यक्रम में किया जाता है। निरीक्षण दल ने मध्याह्न भोजन की सामग्री और उसकी गुणवत्ता का भी जायजा लिया। विद्यालय परिसर में सुंदर उद्यान और बागबानी की व्यवस्था देखकर दल ने इसकी खूब प्रशंसा की। यह उद्यान न केवल पर्यावरणीय दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह बच्चों को प्रकृति के प्रति जागरूक करने में भी सहायक है। प्रेरणा निरीक्षण के दौरान नीति आयोग की टीम ने विद्यालय के बच्चों से मुलाकात की और उनसे विभिन्न विषयों पर सवाल-जवाब किए। स्टेट नोडल अधिकारी शिवम मिश्रा और डिस्ट्रिक्ट फेलो अरुण सिंह ने बच्चों से सामान्य ज्ञान और प्रेयर टुगेदर क्विज से संबंधित प्रश्न पूछे। बच्चों ने निर्भीकता और आत्मविश्वास के साथ सभी सवालों के जवाब दिए, जिससे निरीक्षण दल के सदस्य अत्यंत प्रसन्न हुए। स्टेट नोडल शिवम मिश्रा एवं डिस्ट्रिक्ट नोडल अरुण सिंह में बच्चों के मैदान में बैडमिंटन खेलकर खुशी जाहिर की। शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक इंद्राणी देशमुख ने शाला में चल रहे शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में टीम को जानकारी दिया। जब बच्चों से उनके भविष्य के सपनों के बारे में पूछा गया तो ट्विंकल देशमुख ने कलेक्टर बनने की इच्छा जताई, जबकि दामिनी आंचला ने नर्स बनने का सपना साझा किया। जिला अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी कमल सीदार, जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे, डिस्ट्रिक्ट फेलो अरुल सिंह, पिरामल फाउंडेशन की सीनियर प्रोग्राम लीडर कृतिका वैष्णव, प्रोग्राम लीडर सोनल लाल और ऋचा गुप्ता, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसपी कोसरे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी, मनोज किशोरे, आर वट्टी, नंदिनी दिवान, आकांक्षी ब्लॉक फेलो प्रीति गंजीर, राजकुमार चंद्राकर तुलसी केमरो, योगेश मरकाम, संकुल समन्वयक, शंभूराम समरथ व्याख्याता उपस्थित रहे।




# गायता की मुक्के और डंडे से पिटाई चार आरोपियों पर मामला हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम के दौरान ग्राम गायता के साथ उसके भतीजे द्वारा मारपीट किया गया। ग्रामीणों ने दोनो पक्ष के सुलह कराने के लिए घटना के अगले दिन गांव में बैठक रखा। गांव में बैठक रखने की बात को आरोपियों ने गायता के साथ मारपीट किया। शिकायत पर पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

आमाबेड़ा थानांतर्गत ग्राम पाण्डरगांव निवासी नोहरू राम मंडावी पिता स्व. लच्छन मंडावी ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं और ग्राम पाण्डरगांव का गायता हूं। गांव में 2 सितंबर को ठाकुर जोहारनी कार्यक्रम था। गांव के बहुत लोग कार्यक्रम में मौजूद थे। गायता होने के नाते मेरे द्वारा गांव वालों को समाज एवं गांव के विकास के संबंध में भाषण दिया जा रहा था। उसी समय मेरे भतीजे लखन सिंह, लखमू, सगनू, फगनू के द्वारा तुम कौन होते हो भाषण देने वाले कहते हुए मारपीट करने पर ऊतारू हो गए। गांव के लोगों के द्वारा मेरे भतीजो को समझा बुझाकर शांत किया गया। गांव वालों के द्वारा इस मामले में दोनों पक्षों का समझौता कराने के लिए 3 सितंबर को सुबह घोटूल के पास बैठक रखा गया था। मैं बैठक में जाने के लिए घर के बाहर खड़ा था, वहां पर मेरा लड़का जागेश्वर तथा गांव के मनसाराम सलाम, परदूराम मण्डावीं, तुलसीराम दुग्गा, रामसिंह, बिसाउ सलाम, मानूराम कावड़े खडें थे। आरोपी लखन सिंह, लखमू, सगनू और फगनू आए और तेरे नाम से आज हम लोग के लिए बैठक हो रहा है, कहते हुए गाली देने लगे। जान से मारकर खत्म कर देंगे कहते हुए लखन सिंह डण्डा से एवं लखमू, सगनू एवं फगनू हाथ झापड़, लात मुक्का से मारपीट करने लगे। लखन सिंह के द्वारा डण्डा से मारने से मेरे बाएं कोहनी में चोंट लगा है। लखमू, सगनू एवं फगनू के द्वारा हाथ पैर लात मुक्का से मारने से मेरे पूरे शरीर में दर्द हो रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी लखन सिंह, लखमू, फगनू और सगनू के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



# माटवाड़ा लाल में एलुमनी मीट का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय माटवाड़ा लाल पटेलपारा में शनिवार को छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती 2025 के तृतीय दिवस एलुमनी मीट का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम माटवाड़ा के होनहार छात्रों के द्वारा अपने अनुभव हम सबके साथ साझा किया। सीजीपीएससी 2024 क्रैक करने वाले रूपेंद्र सोनेवरा सहकारिता विस्तार अधिकारी के समय निकाल कर एलुमनी मीट में शामिल हुए और अपने अनुभव साझा किया एवं बच्चों को मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर उपसरपंच रोशन साहू, रूपेश्वर कोर्राम, शिवदास नेताम, सतयुग कोडोपी, माधुरी, मेघा मंडावी, शैलेंद्री ने विद्यालय के सभी होनहार छात्रों ने अपना अनुभव साझा किया।

कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच भावेश मंडावी, प्रभारी प्रधान पाठक पुष्पलता जैन, पूर्णिमा गेडाम, उत्तम वर्मा, अहिल्या परचापी, अशोक कुमार सम्मिलित हुए।

# सड़क सुरक्षा व जीवन रक्षा विषय पर जिला स्तरीय वाद- विवाद हुई स्पर्धा

**कांकेर।** जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन डाइट कांकेर में किया गया, जिसमें कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, विशिष्ट अतिथि चित्ररेखा जैन, साक्षरता विभाग जिला नोडल अधिकारी पुष्पांजलि ठाकुर द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिले के सातों विकासखण्ड से चयनित प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं के साथ प्रभारी शिक्षक भी सम्मिलित हुए। वाद -विवाद प्रतियोगिता में बच्चों ने यातायात नियमों की जानकारी देते हुए पक्ष -विपक्ष में विभिन्न मुद्दों पर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने सड़क सुरक्षा के महत्व को बताते हुए ऐसे प्रतियोगिता के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के प्रयास की सराहना की। यातायात विभाग से उपस्थित महावीर प्रसाद मिश्रा सहायक उप निरीक्षक ने सड़क सुरक्षा के नियमों पर प्रकाश डाला। वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सेजेस चारामा पुरस्कार 7000 रुपए, द्वितीय स्थान सेजेस पटौद पुरस्कार 5000 रुपए, वहीं तृतीय स्थान शाउमावि बैजनपुरी ने पुरस्कार 3000 रुपए प्राप्त किया। जिले से सम्मिलित अन्य विद्यालयों में से पांच विद्यालयों आराधना कॉन्वेंट स्कूल पखांजूर, शाउमावि कोण्डे, सेजस अंतागढ़, पीएमश्री सेजस भानुप्रतापपुर, शाकउमावि अभनपुर को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ, जिसमें प्रत्येक को 2000 रुपए पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी पुष्पांजलि ठाकुर ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि राज्य साक्षरता मिशन द्वारा पहली बार यातायात जागरुकता लाने के लिए स्कूली बच्चों के लिए वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में डाइट उपप्राचार्य हेमचंद सिन्हा, निर्णायक दल में प्रयास विद्यालय प्राचार्य रोशन वर्मा, प्राचार्य मूंगवाल टिकेश ठाकुर, उमरादाह प्राचार्य मो. असलम, यातायात से आरक्षक विवेक कुमार पंमार, ओम प्रकाश डड़सेना, शेखर महलवार, कुंवर दादरा, नन्द अटभैया, लीलाधर ध्रुव, दीपेश निर्मलकर, रोमन जैन उपस्थित रहे।

# दुष्कर्म का आरोपी मप्र से गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**कांकेर।** नाबालिक लड़की के अपरहरण होने का शिकायत परिजन ने थाना में किया था। प्रकरण के आरोपी को पुलिस ने मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराया गया था कि नाबालिग लकड़ी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया है। थाना कांकेर में अपराध क्रमांक 188/2025 धारा 137 (2),64 (1), 64 (ड) बीएनएस, 4, 6 पक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में कांकेर पुलिस ने टीम गठित कर संदिग्ध के पता तलाश के लिए रवाना किया गया। कार्यवाही में आरोपी खल्लारी निवासी 20 वर्षीय तामेश्वर शोरी पिता सताउ राम शोरी को मध्यप्रदेश के उज्जैन जिला अंतर्गत ग्राम ताराना से गिरफ्तार कर न्यायालय कांकेर में न्यायिक अभिरक्षा के लिए पेश किया गया और उसे जेल भेजा गया। सम्पूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर, उप निरीक्षक रामेश्वर चतुर्वेदी, सउनि चेतन साहू, आर राकेश बघेल एवं सायबर सेल कांकेर से प्रआर मनीराम भोई, आर शैलेन्द्र साहू का अहम भूमिका रहा है।

### सीजी बोर्ड के सभी स्कूलों में एकसाथ होगी तिमाही परीक्षा

**सुकमा।** जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मांडवी ने कक्षा 1 से 12 तक संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के लिए तिमाही परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। आगामी 15 सितंबर से जिले के सभी सीजी बोर्ड पाठ्यक्रम आधारित विद्यालयों में तिमाही परीक्षाएं एक साथ प्रारंभ होंगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# दसपुर में नवाखाई एवं ठाकुर जोहरनी पर आदिवासी समाज में हर्ष की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दसपुर

दसपुर में सोमवार को नवाखाई पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्व आदिवासी समाज के सयुक्त सचिव एवं सहसचिव गोंडवाना समाज ब्लॉक दक्षिण कांकेर के सूर्या नेताम ने बताया कि नवाखाई पर्व के दिन स्वच्छ नया कपड़ा पहन कर अपने अराध्य बुढ़ा देव का पूजा अर्चना कर कोरिया पत्ता में नया फसल व मिठा चिवड़ा चढ़ाकर सुख समृद्धि का आशिर्वाद अपने ईष्ट देव से लेकर अपने घर के बड़ो का प्रणाम करके नया फसल को ग्रहण करते है और सभी एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं देते है।



ठाकुर जोहरनी पर्व ग्राम दसपुर में सत्यजीत ठाकुर के निवास स्थल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया एवं अपने इष्ट देव बुढ़ा देव की पूजा अर्चना करके कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया, जिसमें सूर्या नेताम सर्व आदिवासी समाज जिला संयुक्त सचिव के द्वारा सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। समाज की सामाजिक प्रमुखों द्वारा सामाजिक परंपरा सामाजिक समरसता के संबंध में विस्तार से वक्ताओं ने बताया तथा सदियों से चले आ रहे इस परंपरा को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाकर भाईचारा का संदेश दिया। कार्यक्रम स्थल में रेला पाटा का नृत्य किया गया तथा शराब बंदी पर भी विशेष चर्चा किया गया एवं शिक्षा स्वास्थ्य के संबंध में भी समाज प्रमुखों के द्वारा विशेष चर्चा किया गया। इस अवसर पर बिसाहू राम मरकाम गायता, मंशा राम नेताम ग्राम पटेल, मयाराम मरकाम उप सरपंच, सामाजिक प्रमुख चमरु राम मरकाम, दिल्ली ठाकुर, भानु राम नेताम, छबीलाल नेताम, सत्यजीत ठाकुर, रामु राम ठाकुर, संतु ठाकुर, घुरवा उसेंडी, श्रीचंद कोडोपी, देवराज ठाकुर, दिलीप कौशल, पुनिता नेताम, रितिका नेताम, लिलेश्वर नेताम, रजमन सलाम, विष्णु ठाकुर, आयुष नेताम, टुक-टुक नेताम, पुरन नेताम, बिरु जुर्री, सुमित नेताम, महेंद्र सिंह सलाम आदि सामाजिक सदस्य उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


रामेश्वरम् धाम यात्रा
09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर, 23 दिसंबर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411